दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. बेगूसराय में रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय और पटना में मां सीता महिला विश्वविद्यालय होगा स्थापित। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी।

02. बैंक यूनियंस की अट्ठाईस सितम्बर से तीन दिन की देशव्यापी हड़ताल के मद्देनजर केंद्र सरकार ने रविवार सत्ताईस सितम्बर को बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश।

03. जदयू ने स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। नीरज कुमार पटना स्नातक सीट से बने प्रत्याशी।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसूनी गतिविधि बढ़ी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पांच जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

पटना में माता सीता के नाम पर महिला विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। साथ ही बेगूसराय में राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्यमंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने नवादा के वारिसलीगंज में नई चीनी मिल शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस पर पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।

–– बाइट––

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री गोधन विकास ऋण योजना के तहत पशुपालकों को बैंक ऋण के ब्याज पर सौ फीसदी सब्सिडी देने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक में कुल चौबीस प्रस्ताव पारित किये गए हैं।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को ग्रीन फील्ड सड़क परियोजना से जोड़ा जा रहा है। श्री चौधरी बक्सर में भगवान वामेश्वर धाम में पूजा अर्चना के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पटना से बक्सर, बक्सर से बिहारशरीफ और बांका से भागलपुर तक ग्रीन फील्ड सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

––साउंड बाइट––

---

जदयू ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। नीरज कुमार पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से, जबकि अभिषेक झा को तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आनंद पुष्कर और दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से घनश्याम राय को उम्मीदवार बनाया है।

---

भारतीय जनता पाटी ने देशभर में संगठन स्तर पर कई बदलाव किये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आदेश से यह बदलाव किये गए हैं। हरिश द्विवेदी को बिहार भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि संगीता यादव और रोहन गुप्ता को सह–प्रभारी बनाया गया है। बिहार के कई नेताओं को अन्य प्रदेशों के संगठन में अहम जिम्मेदारी दी गयी है। देवेश कुमार को अरूणाचल प्रदेश और मंगल पांडेय को असम का प्रभारी बनाया गया है। निवेदिता सिंह को झारखंड का सह–प्रभारी, राजेन्द्र सिंह और पिंकी कुशवाहा को पश्चिम बंगाल का सह–प्रभारी नियुक्त किया गया है।

---

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने इस वर्ष सत्ताईस मई को आयोजित की गयी दारोगा भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा रद्द कर दी है। आयोग ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर कहा है कि परीक्षा की नई तिथि की घोषणा अलग से की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से आधिकारिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट देखने को कहा है। सत्रह सौ निन्यानवे पदों पर नियुक्ति के लिए मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा का प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे।

---

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार, सत्ताईस सितंबर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि यह निर्णय यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस की ओर से अट्ठाईस सितम्बर से बुलाई गई तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने रविवार को सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, ए.टी.एम–लिंक शाखाओं और करेंसी चेस्ट को पूरी तरह से चालू रखने की मंज़ूरी दे दी है। इस बीच, मंत्रालय ने बैंक यूनियनों से प्रस्तावित हड़ताल को टालने की अपील की है।

---

जमुई घटना के आरोपी हरेन्द्र यादव को आज विशेष पॉक्सो अदालत में पेश किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में उपस्थित लोगों ने आरोपी के साथ मारपीट का प्रयास किया। वहीं, मुख्य आरोपी नंदन यादव की पेशी आज नहीं हो सकी। नंदन यादव पुलिस की गोली लगने से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती है।

---

शेखपुरा जिला विविध संघ ने जमुई में नाबालिग छात्रा के साथ दुर्व्यवहार मामले के आरोपियों का केस न्यायालय में नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। संघ के महासचिव विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जमुई के अधिकवक्ताओं के निर्णय का समर्थन करते हुए शेखपुरा के अधिवक्ता भी इस मामले में आरोपियों की कानूनी सहायता नहीं करेंगे।

---

जमुई में नाबालिग छात्रा के साथ दुर्व्यवहार मामले को लेकर विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन जारी है। राजद की महिला इकाई की ओर से आज पटना में वीरचंद पटेल पथ से आयकर गोलंबर तक विरोध मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल राजद नेताओं ने सांकेतिक रूप से पुतला दहन किया।

---

आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आज आठ वर्ष पूरे हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर दो हजार अठारह में झारखंड के रांची में इस योजना का शुभारंभ किया था। यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से चिकित्सा खर्च में रिकॉर्ड बचत हुई है और गरीब तथा मध्यम वर्ग को लाभ मिला है। श्री मोदी ने योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा और सुशासन के पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। इस अवसर पर हम 'सेवा संकल्प अभियान' की विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। आज प्रस्तुत हैं– खाद्य और पोषण सुरक्षा के साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए बिहार में चौथे कृषि रोड मैप के तहत श्री अन्न यानि ज्वार, बाजरा, मडुआ और कोदो जैसे अनाजों की खेती के प्रोत्साहन से जुड़ी यह रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

---

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की आज एक सौ अठारहवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। रश्मिरथी, कुरूक्षेत्र और परशुराम की प्रतीक्षा जैसी कालजयी रचनाओं के रचयिता दिनकर जी का जन्म आज ही के दिन उन्नीस सौ आठ में बेगूसराय के सिमरिया में हुआ था। पटना के दिनकर चौराहा पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, बेगूसराय में राष्ट्रकवि के पैतृक आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिलाधिकारी रिची पांडेय समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

---

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसूनी गतिविधियों के कारण मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। आज मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर और सीतामढ़ी जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज और सीवान जिले में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

---

निगरानी की टीम ने नालंदा जिले के करायपरसुराय प्रखंड में पदस्थापित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संतोष कुमार को अट्ठाईस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सांध पंचायत के नवनियुक्त पैक्स प्रबंधक को कार्यभार सौंपने और संबंधित जांच प्रतिवेदन भेजने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

---

खान और भूतत्व मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार ने बिहार के ईंट निर्माताओं के लिए कोयला आवंटन का कोटा बढ़ाने के लिए भारत सरकार से अनुरोध करने का आश्वासन दिया है।

शिक्षा विभाग ने अररिया जिले के अलग–अलग विद्यालयों में अभद्र व्यवहार, लापरवाही और मध्याह्न भोजन में अनियमितता को लेकर दस शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

शिवहर की सांसद लवली आनंद की अध्यक्षता में आज जिला विकास और निगरानी समिति की बैठक हुई।

बिहार कैंसर केयर ऑग्रेनाइजेशन की ओर से पटना में हेल्प लाइन सेंटर की शुरूआत की गयी है। संस्था के अध्यक्ष नवीन झा ने यह जानकारी दी।

---

01. बेगूसराय में रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय और पटना में मां सीता महिला विश्वविद्यालय होगा स्थापित। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी।

02. बैंक यूनियंस की अट्ठाईस सितम्बर से तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल के मद्देनजर केंद्र सरकार ने रविवार सत्ताईस सितम्बर को बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश।

03. जदयू ने स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। नीरज कुमार पटना स्नातक सीट से बने प्रत्याशी।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसूनी गतिविधि बढ़ी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पांच जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त